मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 16/11/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-582/2025
16 नवंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय परिसर, रांची
==========

कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में आज घाटशिला विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक श्री सोमेश सोरेन ने अपने परिवार संग मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री सोरेन को विधानसभा चुनाव में जीत की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह विजय घाटशिला की जनता की आकांक्षाओं और विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय रामदास सोरेन जी द्वारा जनहित में आरंभ किए गए कार्यों और अधूरे सपनों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब उनके पुत्र श्री सोमेश सोरेन के कंधों पर है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि श्री सोरेन जनसेवा एवं विकास कार्यों की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

==========

#Team PRD CMO